एक नजर में

ओप्पो इंडिया ने रेनो16 सीरीज पेश की

इंदौर. ओप्पो इंडिया ने अपनी रेनो16 सीरीज इंदौर में लॉन्च की. इस सीरीज में

भारत के पहले होलोवर्स 3डी डिजाईन, 50एमपी के मेन और 3.5एक्स टेलीफोटो लेंस वाले एआई पोर्टेट कैमरा, नैचुरल टोन इमेजिंग और ऑल-फोकल-लेंथ 4के 60एफ़पीएस एचडीआर वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ दो स्मार्टफोन रेनो16 और रेनो16सी पेश किए गए हैं. ये स्मार्टफोन युवाओं के लिए बनाए गए हैं. रेनो16 सीरीज केवल एक कम्युनिकेशन डिवाईस नहीं, बल्कि कैमरा और क्रिएटिव स्टूडियो के साथ प्रोडक्टिविटी कंपेनियन और पर्सनल असिस्टैंट भी है. रेनो16 सीरीज में जहाँ शानदार कंटेंट के लिए एआई रीमिक्स कोलाज, पॉप कैम और पॉपआउट 2.0 जैसे एआई पॉवर्ड टूल हैं, वहीं लेटेस्ट कलरओएस16 की मदद से बहुत ही इंटैलिजेंट अनुभव भी मिलता है. प्रोडक्ट मैनेजर अपूर्वा श्रीवास्तव ने कहा कि आज की पीढ़ी के लिए स्मार्टफोन केवल एक डिवाईस नहीं है, बल्कि उनकी क्रिएटिविटी दिखाने और कहानियों एवं व्यक्तित्व को कैप्चर करने के लिए हमेशा उनके साथ रहने वाला कंपेनियन भी है. रेनो सीरीज हमेशा से ट्रेंडसेटिंग डिजाईन के साथ बेहतरीन इनोवेशन पेश करती आई है। यह सीरीज वैसे ही आगे बढ़ी है, जैसे युवा क्रिएट और कनेक्ट करते हैं.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ईपीएफओ प्लेटफॉर्म से जुड़ा

इंदौर. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत काम करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ जुड़कर पीएफ (प्रोविडेंट फंड) भुगतान सेवा शुरू कर दी है. इस सुविधा के जरिए संस्थान अब ईपीएफओ पोर्टल से सीधे पीएफ भुगतान शुरू कर सकते हैं और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिटेल और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के जरिए आसानी से भुगतान पूरा कर सकते हैं. यह पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और पूरी तरह डिजिटल है. इसमें रियल-टाइम ट्रांजैक्शन की पुष्टि, इस्तेमाल में आसान इंटरफेस और रिकॉर्ड रखने व मिलान के लिए तुरंत चालान डाउनलोड करने की सुविधा भी मिलती है. लॉन्च के बारे में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड- रिटेल लाइबिलिटीज़, आशीष सिंह ने कहा, हम समझते हैं कि हर कारोबार के लिए समय पर वैधानिक भुगतान करना बेहद जरूरी होता है और हमारा मानना है कि यह प्रक्रिया आसान और बिना किसी परेशानी के होनी चाहिए. ईपीएफओ के साथ हमारी इस नई सुविधा के जरिए ग्राहक अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तेज़ी, सुरक्षा और आसानी से पीएफ का भुगतान कर सकेंगे.

ईवा वुमन्स हॉस्पिटल में द विंची रोबोटिक सर्जिकल सुविधा

इंदौर. महिलाओं के स्वास्थ्य, विशेषकर स्त्रीरोग एवं स्त्री कैंसर रोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अहमदाबाद के ईवा वुमन्स हॉस्पिटल ने सबसे उन्नत रोबोटिक-असिस्टेड सर्जिकल तकनीकों में से एक, द विंची इलेवन सर्जिकल सिस्टम को स्थापित किया है. इस अत्याधुनिक तकनीक का नेतृत्व डॉ. दीपक लिम्बाचिया करेंगे, जो ईवा वुमन्स हॉस्पिटल के संस्थापक, एम.डी., डी.जी.ओ., लैप्रोस्कोपी एवं रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ तथा एडवांस्ड गायनेकोलॉजिकल एवं गायनेक ऑन्कोलॉजी सर्जन हैं. डॉ. दीपक लिम्बाचिया ने कहा मिनिमली इनवेसिव तकनीक के माध्यम से नर्व-स्पेयरिंग सर्जरी संभव होने से ऑपरेशन के दौरान रक्तस्राव कम होता है, सर्जरी के बाद दर्द और घाव से जुड़ी जटिलताओं में कमी आती है तथा अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि भी कम हो सकती है. इसके परिणामस्वरूप मरीजों की रिकवरी तेजी से होती है और बेहतर क्लीनिकल परिणाम प्राप्त होते हैं.

लॉक अप : सच या सजा अब छठवें दिन भी स्ट्रीम होगा

इंदौर. फैसला हो चुका है. फैन अपनी बात रख चुके हैं. सोशल मीडिया पर हलचल मचाने तथा जबरदस्त ड्रामा, चौंकाने वाले ट्विस्ट और बेबाक सच्चाईयों के साथ दर्शकों को बांधे रखने के बाद अब से लॉक अप : सच या सज़ा एक और दिन प्रसारित होने वाला है. इस हफ्ते से यह कैप्टिव रियलिटी शो शनिवार से गुरुवार, रात 8 बजे प्रसारित होगा. यानी दर्शक हर हफ्ते एक और दिन लॉक अप देख पाएंगे. फैन्स के अपार स्नेह और जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ यह शो टीवी प्रेमियों का पसंदीदा शो बन गया है. इसके हर एपिसोड में नई बातें और यादगार लम्हे देखने को मिलते हैं. रितेश देशमुख ने कहा, दर्शकों ने लॉक अप : सच या सज़ा को सबसे अधिक चर्चित रियलिटी शो में से एक बना दिया है. उनके इस प्यार के लिए हम उनके आभारी हैं. अब वो हफ्ते में एक दिन और यह शो देख सकेंगे, मतलब, अब होगा ज़्यादा ड्रामा, ज़्यादा सरप्राईज और ज़्यादा सच के साथ ज़्यादा सज़ा. यहाँ से इनमेट्स का सफर और ज़्यादा मुश्किल होने वाला है. फराह खान ने बताया, ''यकीन नहीं हो रहा कि लॉक अप- सच या सज़ा को दर्शकों ने इतना अधिक प्यार दिया है.

अनुसूचित जाति मोहल्ले का रास्ता खुलवाने की मांग

▶ अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

देवास। अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद ने अध्यक्ष आत्माराम परिहार के नेतृत्व में ग्राम राला मंडल, तहसील टोंकखुर्द स्थित अनुसूचित जाति मोहल्ले का बंद रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन परिषद के सचिव सुभाष गौरिषि ने किया। इस दौरान प्रदेश सचिव मदनलाल जेठवा, जिला प्रभारी डॉ. मुन्ना सरकार, उपाध्यक्ष संजय रैकवार एवं हेमराज मोठिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। ज्ञापन में बताया गया कि अनुसूचित जाति मोहल्ले के लोगों द्वारा वर्षों से उपयोग में लाया जा रहा सार्वजनिक सीमेंट-कंक्रीट मार्ग, जिसका निर्माण पंचायत द्वारा कराया गया था, उसे गांव के निवासी मनोहर पिता सजनसिंह सेंधव द्वारा कथित रूप से ईंट, पत्थर एवं चादर लगाकर बंद कर दिया गया है। इससे मोहल्ले के लोगों को आवागमन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिषद के अनुसार ग्रामीणों ने कई बार संबंधित व्यक्ति से रास्ता खोलने का आग्रह किया, लेकिन रास्ता नहीं खोला गया। आरोप है कि रास्ता हटाने का प्रयास करने पर संबंधित व्यक्ति एवं उसकी पत्नी विवाद करते हैं, निकलने वाले लोगों पर गंदगी एवं पानी फेंकते हैं तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अभद्र व्यवहार करते हैं।

रास्ता खुलवाने की मांग, आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मामले को लेकर 23 जून 2026 को जनसुनवाई में आवेदन दिया गया था तथा टोंकखुर्द तहसीलदार को भी रास्ता खुलवाने के लिए अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिषद एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न को रोकते हुए सार्वजनिक मार्ग को तत्काल खुलवाया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने कहा कि अगर रास्ता नहीं खोला गया तो हम उग्र आंदोलन व चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।

श्रीराम कृष्ण धाम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठान

देवास। कालानी बाग सी-सेक्टर स्थित श्रीराम कृष्ण धाम में चल रहे पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक अनुष्ठानों का श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आयोजन किया गया। आचार्यों के सान्निध्य में भगवान श्रीराम दरबार, शिव परिवार एवं राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं का शैयाधीवास एवं जलाधिवास संस्कार संपन्न कराया गया। इसके पश्चात प्रतिमाओं का महाभिषेक विभिन्न प्रकार की औषधियों, फलों के रस, दूध, दही, घृत सहित अन्य पवित्र द्रव्यों से विधि-विधानपूर्वक किया गया। इस दौरान महान्यास एवं स्नपन कर्म भी संपन्न हुआ। विशेष रूप से एक हजार छिद्रों वाले कलश से भगवान का भव्य महाभिषेक किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

आस्था और स्वास्थ्य का संगम, सोनकच्छ में हजारों ने किया उपवास का संकल्प

सोनकच्छ। स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में मंगलवार को अन्तर्मना आचार्य प्रसन्नसागरजी महाराज एवं योग ऋषि स्वामी रामदेव के संयुक्त तत्वावधान में संचालित हर मास एक उपवास अभियान के तहत ऐतिहासिक एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने स्वस्थ, संयमित एवं सकारात्मक जीवन के लिए प्रत्येक माह एक दिन उपवास करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सोनल बाकलीवाल के मंगलाचरण से हुआ। संघ की ओर से गुरुवंदना मुनि नेगम सागरजी महाराज ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित प्रदीप मिश्रा, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक राजेश सोनकर, माधव एवं न्यास ट्रस्टी प्रदीप पांडे, मोटिवेशनल स्पीकर उज्ज्वल पाटनी, जैन समाज अध्यक्ष महेंद्र पाटोदी, पुष्पगिरी तीर्थ अध्यक्ष

प्रकाश अजमेरा, अंतर्मना संघपति दिलीप हुमड़ तथा पतंजलि के एस.के. तिजारावाला सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने गुरुदेव के चरणों में श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया तथा आचार्यश्री ने सभी अतिथियों को मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया। आचार्य संघ की ओर से उपाध्याय मुनि श्री पियूष सागरजी महाराज ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए अतिथियों के साथ तख्ती दिखाकर हर मास एक उपवास अभियान का औपचारिक शुभारंभ कराया और सभी को इस अभियान से जुड़ने का संकल्प दिलाया।

सुरेंद्र सिंह झाला जिला पशु क्रूरता निवारण समिति सदस्य नियुक्त

टोंक खुर्द। भाजपा देवास जिला अध्यक्ष डॉ. राय सिंह सेंधव की अनुशंसा पर प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा उपमुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के अनुमोदन पर सुरेंद्र सिंह पिता तेजसिंह झाला निवासी ग्राम भूतिया खुर्द को उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला देवास द्वारा जिला पशु क्रूरता निवारण समिति देवास में दो वर्षों के लिए अशासकीय सदस्य नियुक्त किया है। झाला की इस नियुक्ति पर ईष्ट मित्रों एवं प्रदेश गो सेवक संगठन मे उत्साह व हर्ष का माहोल है।गौरतलब है की झाला पहले से ही पशु पालन विभाग मे गौ सेवक है.

सतवास में सायबर अपराध हम रोकेंगे

▶ हम रोकेंगे के नारों के साथ गुंजायमान हुई मेराथन दौड़

सतवास। सायबर अपराध रोकने के लिए, पुलिस थाना सतवास द्वारा, सायबर मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी सतवास दिलीप कुमार पुरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेराथन दौड़ में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि, महाविद्यालय, सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के, स्काउट, रेडक्रास, एन. एस.. एस. के छात्र- छात्रा, नगर के पत्रकारगण, शासकीय संस्थाओं एवं अशासकीय संस्थाओ के लोक सेवक, आदि शामिल थे। थाना प्रभारी दिलीप कुमार पुरी ने मेराथन दौड़ के बारे में बताते हुए कहा कि, सायबर अपराध को रोकने के लिए हम सब को जागरूक होना पड़ेगा और हमारे सम्पूर्ण परिवेश को जागरूक करना पड़ेगा। हम लोगो को यह बताऐं कि, किसी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना हे, किसी भी व्यक्ति को अपना मोबाईल डाटा, अपने दस्तावेज, अपना एकाउन्ट नंबर शेयर नहीं करना हे।

समयावधि पत्रों एवं सीएम हेल्प लाइन में प्राप्त शिकायतों की आयुक्त ने की समीक्षा

देवास। 7 जुलाई मंगलवार को समयावधि पत्रों एवं सीएम हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने की समीक्षा। विद्युत खपत मे प्राप्त बिलों को लेकर पॉवर फेक्टर पर ओर सुधार कार्य करने के निर्देश उपयंत्री पलक श्रीवास्तव को दिए।

पीएम स्वनिधि में हितग्राहियों को मिल रहे लाभ की जानकारी लेते हुए स्वनिधि व क्रेडिट कार्ड के नवीन आवेदनों पर फोकस करने हेतु आयुक्त ने कहा। गौशाला की जानकारी लेते हुए पशुओं के खाने हेतु भूसा की पर्याप्त व्यवस्था रहे इस हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए आवार मवेशियों को पकडकर गौशाला छोडने तथा श्वानों को भी पकडकर निर्धारित स्थान पर छोडे जाने हेतु कहा तथा गौशाला में पंखे, प्रकाश एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था किए जाने हेतु कहा।

आयुक्त ने मैरीज गार्डनों से निकलने वाले गीला एवं सुखे कचरे के प्रथक्कीकरण को लेकर स्वच्छता निरीक्षकों से जानकारी ली जिसमें गंदे पानी की निकासी, कचरा संग्रहण शुल्क एवं गार्वेज के लिए चेम्बर बनावाये जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

आयुक्त ने अमृत हरित अभियान अन्तर्गत पौधारोपण के कार्यो को लेकर कार्य प्रारंभ करने हेतु संबंधि विभाग को निर्देशित किया तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं ईकेवाईसी को लेकर कार्य मे प्रगति लाने हेतु संबंधित अधिकारी को कहा।

आईडीए द्वारा फर्जी एनओसी में एफआईआर दर्ज

नव भारत न्यूज

इंदौर. आईडीए द्वारा आज फर्जी एनओसी मामले में लिप्त संपत्ति पर एफआईआर दर्ज करवा दी. उक्त मामले में वरिष्ठ अधिकारी की फर्जी साइन कर टीएनसीपी में अनुमति के लिए लगा दी गई थी. जांच में आईडीए का एक कर्मचारी ओर दंपत्ति ने मिलकर फर्जी एनओसी बनाने का मामला सामने आया था.

करीब दो माह पहले आईडीए के भू अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा की साइन से योजना 97/4 में फर्जी एनओसी बनाकर टीएनसीपी में अनुमति के लिए लगा दी थी. टीएनसीपी ने आईडीए से जानकारी मांगी तो मामला पकड़ में आया, क्योंकि जमीन आईडीए की योजना में शामिल है. उक्त मामले आईडीए ने कर्मचारी पर पहले ही एफआईआर दर्ज करवा दी थी, जो आज तक फरार है. वहीं उक्त मामले में जांच के बाद आईडीए भू अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा ने 97 विष्णुपुरी कॉलोनी निवासी तारा उपाध्याय और पति राजेंद्र उपाध्याय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी. तुकोगंज थाने में उपाध्याय दंपत्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (2), 336,338 और 340 में प्रकरण दर्ज किया गया है.

यंग मेलोडियंस आर्केस्ट्रा समूह द्वारा त्रिवेणी संगम का आयोजन संपन्न

▶ गायक कलाकारों ने बांधा समा

देवास। शहर की प्रतिष्ठित संगीत संस्था यंग मेलोडियंस ऑर्केस्ट्रा समूह, देवास द्वारा हिंदी फिल्म संगीत के तीन महान गायकों मोहम्मद रफ़ी, किशोर कुमार एवं मुकेश को समर्पित त्रिवेणी संगम कार्यक्रम का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर, सयाजी द्वार, देवास में किया गया। आयोजक नजर शेख मामू, मुश्ताक शाह, दिलीप दरबार एवं निशा खान ने बताया कि कार्यक्रम में समाजसेवी राधेश्याम सोनी, लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल अजय चौहान, ब्लाईंड स्कूल अध्यक्ष बलजीतसिंह सलूजा, औदुम्बर रामायण मंडल के डी.के.जोशी, पूर्व रोटरी क्लब

अध्यक्ष गोवर्धनसिंह चंदेल, समाज सेवी मनीषा बापना, पी.एन.तिवारी, लोकेश विजयवर्गीय, डॉ. इकबाल कुरेशी, आलोक राठौर पायलेट, कैलाश पटेल काका अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में दिलीप दरबार, मनीष जैन, रवि अग्रवाल, प्रेम राजेश, देव ठाकुर, सुरेन्द्र सिंह भाटिया इंदौर, राजपूत सर, माधुरी दायमा, रिजवाना खान, प्रियंका दुबे, प्रीति ठक्कर, कविता निगम, शक्तिवर्धन निगम, अजय दायमा, मुकेश ठक्कर, के.के. मालवीय ने अपनी सदाबहार नगमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संयोजन धीरज बाघमारे एवं अंजू शर्मा द्वारा किया गया।

बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए जा रहे यात्रियों का स्वागत

भौंरासा। ग्राम खुर्द पिपलिया से ठाकुर भारत सिंह बेस राजू भाई बेस, राकेश सिंह बेस संगीता बाई बेस के साथ ही नराना, बुधन गांव सुमरा खेढ़ी सहित 48 यात्रियों का जत्था बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए सभी यात्रीयो का स्वागत फूल माला पहनाकर किया गया स्वागत करने वालों में खुर्द पिपलिया के बाबू सिंह पटेल, कुंवर महिपाल सिंह सरपंच, हुकम सिंह राजपूत, जीवन सिंह राजपूत, गजराज सिंह राजपूत, जीवन सिंह बेस, बलवीर सिंह, ठाकुर अचपाल सिंह, मानसिंह, सुमित एवं सभी ग्राम वासियों ने स्वागत किया

मोहन दास बैरागी ने सेवा निवृत्ति पर बालिकाओं के शैक्षणिक विकास एवं भोजन के लिए 11000राशि का समर्पण किया

देवास। जीवन में कुछ लोग विरले ही होते हैं जो परोपकार को ही सेवा भाव एवं कर्तव्य समझते हैं। ऐसे ही मोहनदास बैरागी उच्च श्रैणी शिक्षक मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री व इंदौर पेड़ी के संचालक ने अपनी सेवानिवृत्ति पर सेवा भारती द्वारा संचालित जीवन उमंग बालिका छात्रावास बिचोली मरदाना की बालिकाओं के शैक्षणिक विकास एवं भोजन के लिए एक भव्य सेवा निवृत्ति कार्यक्रम आयोजित कर 11000 रुपए की राशि सेवा भारती के मालवा प्रांत के कार्यकारिणी सदस्य सोहनलाल परमार को प्रदान की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देव कृष्ण व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सूर्यवंशी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एच एल खुशाल एवं हरि सिंह भारती, सहायक संचालक प्रमिला डावर, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजय सोलंकी, विष्णु वर्मा, सोभाग सिंह ठाकुर, शिवेश शर्मा, उदल सिंह परमार, कमलकांत मेहता, सोहनलाल परमार, अर्जुन सिंह राठौर कन्नोद, राजेंद्र रावल, केलवाजी, सुभाष चंद्र पाटीदार, दिगविजय सिंह, पेड़ी अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रमेश निनामा, सुलेखा शुक्ला, संचालक राजेंद्र कुमार मकवानी, भगवती प्रसाद पंडित, अरुणा मिश्रा, प्रबंधक चेतन रावत, राजकुमार यादव, राजेन्द्र आचार्य सहित मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय संभाग जिला एवं विकासखंड के पदाधिकारी गण, समाज जन एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

भारी बारिश से रेल यातायात प्रभावित इंदौर-दौंड समेत कई ट्रेनों का रूट बदला

▶ मुंबई-पुणे घाट सेक्शन में भूस्खलन और जलभराव का असर, कई ट्रेनें निरस्त व रीशिड्यूल

नवभारत न्यूज़

इन्दौर. मुंबई और पुणे क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश, जलभराव तथा मुंबई-पुणे घाट सेक्शन में भूस्खलन और ट्रैक पर बोल्डर गिरने से पश्चिम एवं मध्य रेलवे की कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है. इसका असर रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेनों पर भी पड़ा है. रेलवे के अनुसार, 6 जुलाई को इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सूरत-जलगांव-मनमाड-पुणे मार्ग से चलाया जाएगा. वहीं हजरत निजामुद्दीन-पुणे दुरंतो एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी. बारिश के कारण 6 जुलाई को मुंबई सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन अगस्त क्रांति राजधानी, बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस तथा बांद्रा टर्मिनस-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्वराज एक्सप्रेस निरस्त कर दी गई हैं. इसके अलावा मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली राजधानी, मुंबई सेंट्रल-जयपुर सुपरफास्ट, मुंबई सेंट्रल-इंदौर अवंतिका एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर गोल्डन टेम्पल मेल और बांद्रा टर्मिनस-बरौनी अवध एक्सप्रेस को रीशिड्यूल किया गया है.

एक नजर ▶ सड़क मरम्मत को लेकर फंसी सियासत

विधायक के प्रयास और परिषद की कार्रवाई पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

कांटाफोड़। नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित ठाना घाट मार्ग पर लगातार बारिश के कारण सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित होने लगा। स्थिति को देखते हुए नगर परिषद ने लोगों को तत्काल राहत देने के उद्देश्य से मार्ग पर गिट्टी डलवाई। हालांकि यह राहत कार्य शुरू होते ही राजनीतिक रंग ले बैठा और कांग्रेस व भाजपा के बीच श्रेय लेने की होड़ शुरू हो गई।सोशल मीडिया पर भी बहस गरमाई ओर गिट्टी डलवाने को लेकर दावों और जवाबी दावों का दौर चलता रहा।

ठाना घाट मार्ग पर कीचड़ के कारण

पैदल राहगीरों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय स्तर पर शिकायतें बढ़ने के बाद नगर परिषद ने मार्ग पर गिट्टी डलवाकर आवागमन को सुचारु बनाने का प्रयास किया। फिलहाल यह व्यवस्था अस्थायी राहत के रूप में की गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लंबे समय से इस मार्ग की समस्या को लगातार उठाया जा रहा था। उनके अनुसार ज्ञापन, जनप्रतिनिधियों ओर विधायक से मुलाकात और प्रशासन पर बनाए गए दबाव के बाद ही नगर परिषद को कार्रवाई करनी पड़ी।

सोशल मीडिया पर छिड़ी श्रेय की जंग

गिट्टी डलने के बाद मामला सोशल मीडिया तक पहुंच गया। स्थानीय व्हाट्सएप ग्रुपों और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फोटो, संदेश और पोस्ट साझा किए जाने लगे। कांग्रेस और भाजपा समर्थक अपने-अपने नेताओं के प्रयासों का हवाला देते हुए राहत कार्य का श्रेय लेने में जुट गए। एक पक्ष इसे विधायक की सक्रियता का परिणाम बता रहा है, तो दूसरा नगर परिषद की कार्रवाई और कांग्रेस के दबाव का असर बता रहा है। देखते ही देखते ठाना घाट का मुद्दा सड़क की समस्या से आगे बढ़कर सोशल मीडिया पर सियासी बहस का विषय बन गया। फिलहाल ठाना घाट मार्ग पर डली गिट्टी से अधिक चर्चा इस बात की हो रही है कि राहत दिलाने का श्रेय आखिर किसे मिले। जबकि क्षेत्र के लोग अब भी इस मार्ग के स्थायी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण का इंतजार कर रहे हैं।